आईटीआई लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

आईटीआई लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए कर के पश्चात् (पीएटी) 150.86 करोड़ रुपये लाभ की घोषणा की ।

<u>कंपनी की कुल राजस्व 11.86% से बढ़कर 2242.58 करोड़ रुपये हुई ।</u>

बेंगलूरू, 26 जून 2020. दूरसंचार विभाग के अंतर्गत आने वाली सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, आईटीआई लिमिटेड ने 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कुल बिक्री 2403.45 करोड़ रुपये और कर के पश्चात् 150.86 करोड़ रुपये लाभ अर्जित किया ।

आईटीआई ने 31 मार्च, 2019 को समाप्त पिछली अवधि के लिए 92.54 करोड़ रुपये लाभ की तुलना में, वर्ष 2019-20 के अनुमोदित वित्तीय परिणामों के अनुसार शुद्ध लाभ में 63.02% की वृद्धि हासिल की ।

आईटीआई लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर.एम अग्रवाल ने वर्ष 2019-20 के लिए कंपनी की उपलब्धि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, "यह हमारे कर्मचारियों का एक सामूहिक प्रयास है जिन्होंने न केवल आईटीआई के समग्र व्यवसाय की गति को बदला, बल्कि वित्त वर्ष 2019-20 की चौथी तिमाही के अंतिम सप्ताह में घोषित कोविड-19 के कारण राष्ट्रव्यापी तालाबंदी के बावजूद एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने में सफल रहे । यह कंपनी के प्रदर्शन में अभूतपूर्व उछाल है जिसमें साल दर साल में सुधार आ रहा है ।

"हमने विनिर्माण, विपणन और परियोजनाओं के प्रबंधन के लिए रूपांतरित रणनीति द्वारा व्यावसायिक संभावनाओं में सुधार के लिए कई पहल की हैं । हम 4 जी विनिर्माण, आईओटी आधारित उत्पादों और सेवाओं के विनिर्माण(जो कि 5जी रुप से अपग्रेडेबल है), आईटी और दूरसंचार उपकरण निर्माण के आगामी क्षेत्रों में भी कंपनी का नेतृत्व कर रहे हैं । इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) की ईएमसी 2.0 योजना के अंतर्गत, कंपनी इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्लस्टर स्थापित करने की योजना भी बना रही है, जिसके लिए बेंगलुरु में 200 एकड़ की भूमि को चिहिनत भी किया गया है । हमने 1000 रैक स्पेस के साथ एक नया टियर 3+

डेटा सेंटर स्थापित किया है, जो कई सरकारी एजेंसियों जैसे बैंक, पीएसयू, कॉरपोरेट और स्टार्ट-अप को देश के भीतर डेटा स्टोर करने में मदद कर सकता है । श्री अग्रवाल ने कहा कि, स्टार्टअप इंडिया मिशन के तहत स्टार्टअप्स की मदद करने के लिए, कंपनी ने अपने बेंगलुरु प्लांट में एक स्टार्टअप हब 'विन्यास' की स्थापना की है जिससे उन्हें प्रोटोटाइप बनाने के कार्य को त्वरित करने हेतु विभिन्न सेवाओं जैसे पीसीबी निर्माण, असेंबली, एसएमटी लाइन, मैकेनिकल निर्माण, प्लास्टिक मोल्डिंग, 3 डी प्रिंटिंग, आईओटी आदि उत्पादों में अपने विचारों को साकार करने में सहायता मिल सके ।"

भारत सरकार के आत्म निर्भर भारत अभियान को मजबूती प्रदान करने हेतु और कोरोनावायरस के प्रसार को रोकने के उद्देश्य से, कंपनी ने रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ हाल ही में अपने विनिर्माण संयंत्रों में पोर्टेबल वेंटिलेटर के निर्माण के लिए प्रौद्योगिकी (टीओटी) समझौते के हस्तांतरण पर हस्ताक्षर किया है । कंपनी ने अपने बेंगलुरु स्थित विनिर्माण इकाई में फेस शील्ड का निर्माण कार्य पहले से ही शुरू कर दिया है । 3डी से डिज़ाइन युक्त अनोखा और सुरक्षित फेस शील्ड चेहरे के संपूर्ण क्षेत्र जैसे आंख, नाक और मुंह को स्प्रे और बूँदों से सुरक्षा प्रदान करता है। कंपनी अभी प्रति माह 5,00,000 फेस शील्ड का उत्पादन कर रही है जिसे आने वाले महीनों में प्रति माह 15,00,000 फेस शील्ड तक बढ़ाया जा सकता है ।